# बी0आई0टी0 सिन्दरी

पोस्ट–सिन्दरी इन्स्टीच्यूट, धनबाद, 828123, झारखंड
उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार, राँची
*ए0आई0सी0टी0ई, नई दिल्ली द्वारा मान्यता एवं जे0यू0टी0, राँची द्वारा संबंद्धता*
*ईमेल–academic@bitsindri.ac.in वेबसाइट–www.bitsindri.ac.in*


**(अधिविधि शाखा)**

संख्या– 82 सिन्दरी, दिनांक– 02.02.2024

## एम0टेक0 छात्रों के निबंधन संबंधी सूचना

झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रॉची के पत्रांक JUT-18/2024/Reg/147 दिनांक 29.01.2024 के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2023–24 के एम0टेक0 प्रथम सेमेस्टर में अध्यनरत छात्रों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय में निबंधन के लिये ऑनलाइन निबंधन https://jutgyanjyoti.jharkhand.gov.in/ लिंक पर जाकर Student Registration में दिनांक 05.02.2024 से दिनांक 11.02.2024 तक विलंब शुल्क रहित एवं दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 15.02.2024 तक विलंब शुल्क सहित भरना सुनिश्चित करेगें। ऑनलाइन आवेदन भरते समय निम्नांकित बिन्दुओं को ध्यान में रखकर आवेदन भरेंगे।

1.सभी प्रविष्टियों को स्वयं ध्यान पूर्वक भरेंगे एवं आवेदन फार्म एक ही बार भरेंगे (विशेष परिस्थिति छोड़कर)।

2. फोटो (20KB), अंगूठे का निशान (20KB) एवं हस्ताक्षर (20KB) स्वयं का अपलोड करेंगे।

3. (क) Counselling type में Open Counselling at institute level भरेंगे ।
   (ख) Nature of seat में Gen/SC/ST/BCI/BCII से जिनका सीट आवंटित है वे Payment भरेंगे, EWS से जिनका सीट आवंटित है वे EWS भरेंगे ।
   (ग) Qualifying Exam Passing Year में B.Tech Final Exam Passing Year भरेंगे ।
   (घ) Percentage /Percentile of GATE में GATE Score भरेंगे अथवा NON GATE भरेंगे ।

4. निबंधन शुल्क बैंक चालान के माध्यम से अथवा ऑनलाइन (NEFT) (Punjab national bank के खाता संख्या 1842050000532 में) रू0 700/–प्रति छात्र एवं विलंब शुल्क सहित रू0 900/–प्रति छात्र जमा किया जाना है। तत्पश्चात् पोर्टल में Transaction Id/UTR No., Challan Date, Registration Fee में रू0 700/900 एवं IFSC में जिस बैंक से चालान/ ऑनलाइन (NEFT) भरा गया है वह भरेंगे ।

5. सभी प्रविष्टियों को भरने के पश्चात् Final submit करेगें। **प्रिंटआउट में छात्र का फोटो, अंगूठे का निशान एवं हस्ताक्षर अंकित होना आवश्यक है अन्यथा फार्म पुनः भरेंगे ।**

6. ऑनलाइन आवेदन भरने के उपरांत प्रिंटआउट की कॉपी पर कमांक अंकित करते हुये, चालान /ऑनलाइन माध्यम द्वारा भुगतान शुल्क की मूल प्रति एवं प्रवर्जन प्रमाण पत्र (Migration) की मूल प्रति (वैसे छात्र जिन्होंने नामांकन के समय जमा नहीं किया है) दिनांक 16.02.2024 तक अधिविधि शाखा में स्वयं उपस्थित होकर 03.30 अपराहन से 05.00 बजे अपराहन तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
प्रभारी पदाधिकारी
अधिविधि(पीजी)
बी0आई0टी0 सिन्दरी

# झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर (साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी कैम्पस),
सिरखा टोली, नामकुम, राँची – 834010 (झारखण्ड)

पत्रांक – JUT-18/2024/Reg/147 /राँची, दिनांक– 29/01/2024

प्रेषक,

**कुलसचिव (प्र0),**
झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
नामकुम, राँची।

सेवा में,

**निदेशक/प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,**
सभी राजकीय अभियंत्रण संस्थान/झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची,
पी0पी0पी0 मोड पर संचालित सभी अभियंत्रण संस्थान,
सभी गैर–राजकीय अभियंत्रण संस्थान।

**विषयः–** **शैक्षणिक वर्ष 2023–24 हेतु अभियंत्रण संस्थानों में M. Tech., M.C.A. एवं M.B.A. पाठ्यक्रम में नामांकित विद्यार्थियों द्वारा ऑन–लाईन (Online) भरे जाने वाले निबंधन आवेदन पत्र को अनुमोदित/अस्वीकृत किये जाने के संबंध में।**

महाशय/महाशया,

निदेशानुसार, उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक वर्ष– 2023–24 में स्नातकोत्तर डिग्री अभियंत्रण पाठ्यक्रम (Master Degree Engineering Course) अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नियमित सेमेस्टर/वार्षिक योजना के अन्तर्गत प्रथम सेमेस्टर/वर्ष में नामांकित विद्यार्थियों का निबंधन से संबंधित कार्य दिनांक– **05/02/2024** से किया जाना है।

2. इस निमित्त निबंधन आवेदन पत्र का प्रपत्र, विश्वविद्यालय के अधिकृत कार्यकारी वेबसाइट https://jutgyanjyoti.jharkhand.gov.in पर भारित (Upload) है, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा सभी संबंधित प्रविष्टियों को काफी ध्यान पूर्वक एवं सही तरीके से भरा जाना है।

3. निबंधन के लिए विद्यार्थियों द्वारा निबंधन आवेदन पत्र में निबंधन शुल्क से संबंधित जमा की गई राशि का विवरण भी अंकित किया जाना अनिवार्य है। निबंधन शुल्क बैंक चालान के माध्यम से (Punjab National Bank के **खाता संख्या – 1842050000532** में) जमा किया जाना है। निबंधन शुल्क की राशि निम्नवत् हैः–

(क) निबंधन शुल्क – रू0 **700/–**

(ख) निबंधन शुल्क (विलम्ब शुल्क सहित)– रू0 **900/–**

4. यदि किसी नामांकित विद्यार्थी/विद्यार्थियों द्वारा नामांकन के समय ही संस्थान में नामांकन शुल्क के साथ निबंधन शुल्क जमा कर दिया गया है तो वैसे मामले में नामांकित संस्थान द्वारा समेकित रूप से बैंक ड्राफ्ट (ड्राफ्ट, **झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची** के नाम से तथा रांची में भुगतेय) के माध्यम से विश्वविद्यालय में राशि संबंधित विद्यार्थी/विद्यार्थियों की सूची जमा की जा सकती है। उस राशि से आच्छादित होनेवाले विद्यार्थी/विद्यार्थियों द्वारा निबंधन आवेदन पत्र/पत्रों में समान बैंक ड्राफ्ट संख्या अंकित करना होगा।

5. **विद्यार्थियों द्वारा ऑन–लाईन (Online) निबंधन आवेदन पत्र को दिनांक – 11/02/2024 तक विलम्ब शुल्क रहित तथा दिनांक – 15/02/2024 तक विलम्ब शुल्क सहित जमा किया जाना है।**

विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक – **15/02/2024** के बाद निबंधन आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कृ0पृ0उ0

6. संस्थान प्रमुख द्वारा नामांकित विद्यार्थियों की पहचान, ऑन–लाईन (Online) निबंधन आवेदन पत्र में Scanned फोटोग्राफ से मिलान कर एवं संतुष्ट होने के उपरांत ही विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये "Online Registration" के निमित्त Format को दिनांक – **18/02/2024** तक विधिवत अनुमोदित/अस्वीकृत किया जाना है। झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची द्वारा "Online Registration" के लिए Login ID एवं Password संस्थान को पूर्व में ही उपलब्ध करा दिया गया है। सुरक्षा कारणों से इसे किसी के साथ Share नहीं करें तथा Password को समय–समय पर बदलना आवश्यक है, Password Leak होने की जिम्मेवारी संस्थान को होगी। दिनांक – **18/02/2024** के बाद "Online Registration" को Lock कर दिया जायेगा। सुलभ प्रसंग के लिए "Online Registration" हेतु संस्थान के लिए User Guidelines विश्वविद्यालय के अधिकृत कार्यकारी वेबसाईट के "Gyanjyoti" link पर उपलब्ध है।

7. "Gyanjyoti" link पर Students Corner के नीचे Registration के button पर Click करने के बाद Student को ID Field में अपने Email ID को तथा Password Field में Date of Birth को भरा जाना है। इसके उपरान्त Course Type (M.Tech./M.B.A./M.C.A.) Select कर Sign Up/ Sign In किया जा सकता है। Sign Up/Sign In करने के बाद Registration Application Form को भरकर उसका Print Out निकाल कर संबंधित संस्थान में ससमय जमा किया जाना है। निबंधन के संबंध में किसी भी संशय/दुविधा की स्थिति में **श्री मनोज कुमार नायक,** उच्चवर्गीय लिपिक, **मोबाईल संख्या– 7870730577 पर कार्य दिवस समय 10:00 AM to 05: PM तक सम्पर्क किया जा सकता है।**

8. संस्थान द्वारा अपने Login ID एवं Password की मदद से Login करने के बाद Students द्वारा submit किये गये Registration Application Form को Registration Section में जाकर सभी प्रविष्टियों की जाँच करते हुए Approve / Disapprove किया जाना है। विद्यार्थियों द्वारा भरे गये Registration Application Form में किसी भी तरह की गलती/गलतियों को सुधारने के पश्चात ही उसे Approve करें। दिनांक – **16/02/2024** से **18/02/2024** तक की अवधि में Registration Application Form को Approve / Disapprove किया जा सकता है। विद्यार्थियों के विवरण का गलत सत्यापन के लिए संस्थान को पूरी तरह से जिम्मेवार समझा जायेगा। विद्यार्थियों से संबंधित अभिलेखों की विवरणी संस्थान द्वारा दिनांक – 20/02/2024 तक विश्वविद्यालय को उपलबध करना सुनिश्चित करेंगे। तदोपरान्त संस्थान स्तर से अनुमोदित (Approve) विद्यार्थियों को ही विश्वविद्यालय द्वारा निबंधन संख्या आवंटित करते हुए निबंधन संख्या सूची संस्थान प्रमुख को भेजा जायेगा।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,

Nishant Kumar 29/1/24

**कुलसचिव (प्र0),**

झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,

राँची। 29/01/24